## खास-खबरें

### छात्रवृत्तियों और शासन की विभिन्न योजनाओं की विद्यार्थियों को दी जानकारी



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः** शासकीय कन्या महाविद्यालय में दीक्षारंभ के अंतर्गत नव प्रवेषित विद्यार्थियों का स्वागत प्राचार्य डॉ. कलिका डोलस के द्वारा किया गया। आपने विद्यार्थियों को अनुशासन में रहने एवं प्रतिदिवस कक्षाओं में आने हेतु प्रेरित किया आपने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियों एवं शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में विद्यार्थियों से विस्तृत चर्चा की। मानसिक स्वास्थय जागरूकता के अंतर्गत राष्ट्रीय मानसिक पुनर्वास संस्थान की साइकोलोजी की एच.ओ.डी डॉ. प्रियंका लैंका ने एन.आई.एम.एच.आर के उद्देश्य एवं वहा पर संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के बारे में विद्यार्थियो को जानकारी उपलब्ध कराई डॉ. कीर्ति जैन ने पावर पाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को तनाव के विभिन्न कारणो जैसे पढाई का प्रेषर घर से पलायन, कैरियर की चिंता घर वालों की अपेक्षा आदि कारणों पर विस्तार से प्रकाश डाला आपने 54321 फॉर्मूले के माध्यम से तनाव का समाधान करना विद्यार्थियो को सिखाया, डॉ. प्रकाश द्वारा विभिन्न हेल्प लाइन नम्बरो के माध्यम से अपनी शंकाओं के समाधान हेतु प्रेरित किया, प्रवेश प्रभारी डॉ. राजेश बकोरिया ने मेजर, माइनर, एम.डी.सी, व्यासायिक पाठ्यक्रमो की विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी प्रदान की इस अवसर पर डॉ. अनूप सिंह, रविस्वरूप विरहा, डॉ. नेहा शर्मा, डॉ. मंगला रायबोले, डॉ. भारती सक्सेना, डॉ नाजिम हुसैन, कु. नूरजहा हासमी, दानिष शेख, रमांकात रिछारिया, बृजेष विश्वकर्मा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये ।

### कलेक्टर ने सांदीपनि विद्यालय का किया निरीक्षण



**नईदुनिया प्रतिनिधि, देवासः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 4 जुलाई को हाटपीपल्या विधानसभा के ग्राम सन्नौड़ आएंगे। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम को लेकर कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह ने सन्नौड़ में स्थित सांदीपनि विद्यालय का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री सिंह ने विद्यालय परिसर का सघन निरीक्षण कर, कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड, सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय में कक्षाओं का अवलोकन कर वहां उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं व बुनियादी ढांचे को देखा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने लोक निर्माण विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, पुलिस प्रशासन और विद्युत मंडल सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं। उन्होंने साफ-सफाई, पेयजल, सुचारू विद्युत आपूर्ति और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के कड़े निर्देश दिए हैं।

# नागरिकों के आवेदनों, प्रकरणों का संवेदनशीलता के साथ त्वरित निराकरण करेंः संभागायुक्त



**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः** भोपाल संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा ने जिला अधिकारियों से कहा कि नागरिकों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ तथा सेवाओं की प्रदायगी समयावधि में पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित कराना शासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी अधिकारी दृढ़ संकल्पित होकर कार्य करें। नागरिकों की समस्याओं का नियमों को ध्यान रखते हुए संवेदनशीलता और व्यवहारिक दृष्टिकोण के साथ त्वरित रूप से निराकरण किया जाए।

संभागायुक्त शर्मा शुक्रवार को रायसेन कलेक्ट्रेट में जिले में विभिन्न विभागों के कार्यो की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बैठक में विभागवार योजनाओं तथा कार्यो की प्रगति की समीक्षा की। रायसेन कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा संभागायुक्त को जिले में शासन की योजनाओं तथा कार्यो की प्रगति से अवगत कराया गया।

संभागायुक्त शर्मा ने राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा आदि राजस्व प्रकरणों के निराकरण की तहसीलवार समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रकरणों को समयसीमा के पहले ही निराकृत किया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि एक भी प्रकरण समय सीमा से बाहर ना हो, यह सुनिश्चित कराएं। इसी प्रकार लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रकरणों की भी समीक्षा करते हुए समय सीमा में निराकरण हेतु निर्देशित किया गया।

उन्होंने सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए 50 दिवस से अधिक समयावधि की लंबित शिकायतों के निराकरण हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना अंतर्गत जिले में चयनित चार ग्रामों की जनपद स्तर पर पांच वर्षो की कार्ययोजना तैयार हो गई है।

संभागायुक्त शर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा करते हुए आवासों का निर्माण कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश देते हुए कहा कि हितग्राहियों को किस्त का भुगतान समय पर हो तथा राशि का उपयोग आवास निर्माण में ही हो यह सुनिश्चित कराएं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत समग्र सीडिंग कार्य समय से पूर्ण कराने, जनमन योजना और धरती आबा योजना के तहत चिन्हित ग्राम पंचायतों में शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति, एक बगिया मां के नाम, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों तथा पुल-पुलियों का निर्माण, नवीन पंचायत भवनों के निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया।

बैठक में संभागायुक्त शर्मा ने नगरीय विकास एवं आवास विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल 2.0 योजना के तहत लंबित आवेदनों पर शीघ्र कार्यवाही करने, प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना में अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीयन सुनिश्चित कराने, पीएम स्वनिधि योजना 2.0 में पथ विक्रेताओं को ऋण उपलब्ध कराने, स्वच्छ भारत मिशन शहरी अंतर्गत निकायों में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थिति तथा दूषित पेयजल प्रबंधन हेतु जारी एसओपी अनुसार समस्त कार्यवाहियां पूर्ण करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

## शासकीय कन्या महाविद्यालय में नवप्रवेशित छात्राओं की दीक्षा प्रारंभ



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** स्थानीय राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या (अग्रणी) स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सत्र 2026-27 में नवप्रवेशी छात्राओं के लिए दीक्षारंभ समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्राओं को महाविद्यालय एवं उनके कोर्स के संबंध में जानकारी दी गई।

छात्राएँ महाविद्यालय की प्राचार्य, प्राध्यापकों एवं स्टॉफ़ से परिचित हुईं। उन्हें महाविद्यालय में सुलभ सुविधाओं तथा करियर मार्गदर्शन, पुस्तकालय, एनसीसी, एनएसएस एवं स्पोर्ट्स इत्यादि की जानकारी दी गई। साथ ही यहाँ संचालित विभिन्न तरह के कोर्स, जैसे व्यवसायिक पाठ्यक्रम, सर्टिफिकेट कोर्स, इत्यादि के संबंध में तथा उनके अपने विषयों के संबंध में जानकारी दी गई। उन्हें नई शिक्षा नीति, मानसिक स्वास्थ्य, महाविद्यालय में संचालित अन्य गतिविधियों से भी अवगत कराया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.बीडी अहिरवार ने कहा कि नवप्रवेशी छात्राओं को उच्च शिक्षा, महाविद्यालय, कोर्स आदि से परिचित कराने के उद्देश्य से दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इससे छात्राएँ न केवल महाविद्यालय से परिचित हो सकेंगी, बल्कि महाविद्यालय द्वारा प्रदत्त सुविधाओं का भरपूर लाभ भी उठा सकेंगी।

छात्राओं को महाविद्यालय परिसर का भी भ्रमण कराया जाता है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं स्टाफ़ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आयोजन डॉ. विनीता प्रजापति ने किया।

## शासकीय आईटीआई में महिलाओं के लिए में प्रशिक्षण शुल्क में छूट

**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा तकनीकी एवं कौशल शिक्षा को अधिक सुलभ, समावेशी एवं रोजगारोन्मुख बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। प्रवेश सत्र 2026-27 से शासकीय आईटीआई में प्रवेश लेने वाली महिला प्रशिक्षणार्थियों के प्रशिक्षण शुल्क में 25 प्रतिशत की रियायत प्रदान की गई है। साथ ही, सभी विद्यार्थियों के लिए प्रवेश शुल्क दो आसान किस्तों में जमा करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। यह निर्णय विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर एवं ग्रामीण परिवारों के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत राहतकारी एवं सराहनीय पहल है।

नई व्यवस्था के अनुसार पुरुष अभ्यर्थियों के लिए कुल प्रवेश शुल्क 6090 तथा महिला प्रशिक्षणार्थियों के लिए मात्र ?4755 निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त प्रथम किस्त प्रवेश के समय तथा द्वितीय किस्त नवंबर-दिसंबर माह में जमा की जा सकेगी, जिससे किसी भी पात्र विद्यार्थी को आर्थिक कारणों से कौशल प्रशिक्षण से वंचित न रहना पड़े। विदिशा जिले में 35 प्रतिशत महिला प्रवेश एवं शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष जनजागरूकता अभियान संचालित है। कौशल विकास एवं रोजगार विभाग ने जिले के अभिभावकों, युवाओं एवं विशेष रूप से बालिकाओं से अपील की है कि शासन द्वारा प्रदान की गई शुल्क रियायत एवं दो किस्तों में शुल्क जमा करने की सुविधा का अधिकतम लाभ उठाते हुए शासकीय आईटीआई में प्रवेश लेकर कौशल, रोजगार और आत्मनिर्भर भविष्य की ओर अपना सशक्त कदम बढ़ाएँ।

### गंजबासौदा में अब तक 140 मिमी वर्षा दर्ज

**गंजबासौदा।** क्षेत्र में मानसून सक्रिय है और पिछले कुछ दिनों से रुक-रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। लगातार हो रही वर्षा से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं तथा खरीफ फसलों को इसका भरपूर लाभ मिल रहा है। अब तक क्षेत्र में 140 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की जा चुकी है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि तक 117 मिलीमीटर बारिश हुई थी। इस प्रकार इस बार सामान्य से बेहतर वर्षा होने के संकेत मिल रहे हैं। बारिश के कारण अधिकांश खेतों में पर्याप्त नमी और पानी उपलब्ध हो गया है, जिससे सोयाबीन, मक्का सहित अन्य खरीफ फसलों की बढ़वार के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन गई हैं। किसानों का मानना है कि यदि आगामी दिनों में भी इसी तरह संतुलित बारिश होती रही तो इस वर्ष अच्छी पैदावार की उम्मीद है। वहीं मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार क्षेत्र में आगामी दिनों में भी वर्षा का दौर जारी रहने की संभावना है।

## जबलपुर की वायु सेवाओं के विस्तार की मांग, राज्यसभा सांसद को सौंपा ज्ञापन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, जबलपुरः** जबलपुर एवं महाकौशल क्षेत्र की वायु सेवाओं के विस्तार की मांग को लेकर जबलपुर संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र में बढ़ती यात्री सुविधाओं, औद्योगिक, व्यापारिक, शैक्षणिक और पर्यटन गतिविधियों को देखते हुए बेहतर हवाई संपर्क की आवश्यकता पर जोर दिया।

समिति के संयोजक हिमांशु खरे ने बताया कि हाल ही में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जबलपुर से मुंबई और बेंगलुरु के लिए प्रतिदिन विमान सेवा शुरू की जाए।

उनका कहना था कि इन दोनों महानगरों के लिए नियमित उड़ानें व्यापार, निवेश, शिक्षा, चिकित्सा और पर्यटन को नई गति देंगी। उन्होंने यह भी बताया कि इंडिगो एयरलाइंस के शीर्ष प्रबंधन के साथ हुई वर्चुअल बैठक में भी मुंबई और बेंगलुरु के लिए दैनिक उड़ानों तथा जबलपुर-मुंबई सेवा को नवी मुंबई के बजाय मुंबई के मुख्य हवाई अड्डे से संचालित करने की मांग रखी गई है, जिस पर सकारात्मक आश्वासन मिला है।

समिति के सदस्यों ने ज्ञापन में जबलपुर को पुणे, अहमदाबाद, कोलकाता और चेन्नई सहित अन्य प्रमुख शहरों से भी सीधी विमान सेवाओं से जोड़ने की मांग की। राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और संबंधित विमानन कंपनियों के समक्ष इस मांग को प्रभावी ढंग से उठाकर आवश्यक कार्रवाई का प्रयास करेंगी।

## मार्ग चौड़ीकरण में प्रभावित परिवारों को अब नहीं भटकना पड़ेगा, निगम स्वयं खरीदेगा 'टीडीआर'



**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः** धार्मिक नगरी में विकास कार्यों को गति देने और आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से शुक्रवार को महापौर मुकेश टटवाल की अध्यक्षता में मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) की अहम बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में सबसे महत्वपूर्ण निर्णय प्रभावित परिवारों को मिलने वाले टीडीआर (ट्रांसफरेबल डेवलपमेंट राइट्स) को लेकर लिया गया। महापौर ने घोषणा की कि अब मार्ग चौड़ीकरण में प्रभावित होने वाले परिवारों के टीडीआर को नगर निगम स्वयं खरीदेगा, जिससे नागरिकों को अपना हक पाने के लिए खरीदार खोजने की परेशानी से मुक्ति मिलेगी।

बैठक में सिंहस्थ 2028 की तैयारियों और बुनियादी ढांचे के विकास पर विस्तृत चर्चा हुई। मास्टर प्लान की सड़कों और अन्य अधोसंरचना कार्यों के लिए हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (हडको) या वाणिज्यिक बैंकों से लगभग 200 करोड़ रुपये का ऋण लेने की अनुशंसा की गई। इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शेष बची परियोजनाओं को तेजी से पूर्ण करने हेतु लगभग 15 करोड़ रुपये के ऋण प्रस्ताव पर भी मुहर लगाई गई। बैठक में निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, एमआईसी सदस्य रजत मेहता, प्रकाश शर्मा, अनिल गुप्ता, कैलाश प्रजापत, जितेंद्र कुवाल, योगेश्वरी राठौर, दुर्गा शक्ति सिंह चौधरी, सुगन बाबूलाल बाघेला सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारी व इंजीनियर उपस्थित रहे।

**प्रमुख विकास कार्यों को मिली स्वीकृतिः** एमआईसी बैठक में शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए कई सड़कों के निर्माण और चौड़ीकरण को हरी झंडी दी गई। इसमें गदापुलिया से रविशंकर नगर और जयसिंहपुरा होते हुए लालपुर ब्रिज तक के मार्ग चौड़ीकरण के लिए रिवाइज्ड स्वीकृति दी गई। साथ ही, एसआर 1 दारू गोदाम से एमआर 5 तक के मार्ग चौड़ीकरण के प्रकरण को भी मंजूरी मिली। इसके अलावा, शहर में सीएनजी पंपों के संचालन हेतु अवंतिका गैस लिमिटेड को निगम स्वामित्व की भूमि उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया।

**टीडीआर व्यवस्था और निगम का फैसलाः** टीडीआर (ट्रांसफरेबल डेवलपमेंट राइट्स) वह अधिकार है जो सार्वजनिक परियोजनाओं जैसे सड़क चौड़ीकरण में जमीन देने वाले प्रभावित व्यक्ति को मिलता है।

### संत नामदेव की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**गंजबासौदा।** संत शिरोमणि नामदेव जी की पुण्यतिथि पर शहर वाचनालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया गया। कार्यक्रम का संचालन शहर वाचनालय पाठक संघ के संयोजक दीपक तिवारी ने किया। समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने संत नामदेव के जीवन, विचारों और समाज सुधार में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने संत नामदेव को महान संत बताते हुए उनके सिद्धांतों को आज भी प्रासंगिक बताया। सेवानिवृत्त शिक्षक एवं कर्मचारी नेता कैलाश नामदेव ने संत नामदेव के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंग साझा किए। कार्यक्रम को मोहन सैनी, श्री पंथी एवं सतीश शिल्पकार ने भी संबोधित किया और संत नामदेव के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार ने उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। श्रद्धांजलि सभा में सामाजिक एवं साहित्यिक क्षेत्र से जुड़े नागरिक उपस्थित रहे।

**स्पेशल खबर** | रामलीला में राम वनवास का मार्मिक मंचन

# भगवान श्री राम के राज्याभिषेक की तैयारी



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** प्रयागराज से शहर के प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर में श्री रामायण रामलीला मंडल के तत्वाधान में रामलीला का भव्य आयोजन किया। इस वर्ष राम वनवास का प्रसंग विशेष रूप से प्रस्तुत किया गया। यहां पर मौजूद रामलीला के कलाकारों ने भगवान के स्वयंवर के पश्चात भगवान के वनवास का मार्मिक मंचन किया। मंचन की शुरुआत मंथरा-कैकई और दशरथ-कैकई के संवादों से हुई।

जनकपुरी से विवाह के बाद राम-सीता की अयोध्या वापसी होती है। राजा दशरथ राम के राज्याभिषेक की तैयारी कर रहे हैं। मंथरा कैकई को भड़काती है। कैकई दशरथ से दो वरदान मांगती हैं, भरत को राजगद्दी और राम को चौदह वर्ष का वनवास। रामलीला के महंत बृजेश शर्मा, संत माधवदास महाराज, संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी, सनातन सेना प्रदेश सचिव पवन केवट, आयुष गुप्ता आदि ने आरती कर शुरूआत की।

राजा दशरथ कैकई की मांग स्वीकार करते हैं। राम माता कौशल्या से विदाई लेते हैं। उनके भावुक संवाद से दर्शकों की आंखें नम हो गईं। राम, सीता और लक्ष्मण वन की ओर प्रस्थान करते हैं। पुत्र वियोग में राजा दशरथ प्राण त्याग देते हैं। कलाकारों के उत्कृष्ट अभिनय ने पौराणिक प्रसंग को जीवंत कर दिया।

**सीता स्वयंवर के बाद जब श्री राम-लक्ष्मण अयोध्याः** संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि सीता स्वयंवर के बाद जब श्री राम-लक्ष्मण अयोध्या पहुंचते हैं, तो पूरे राज्य में खुशियां मनाई जाती हैं। राजा दशरथ श्री राम को अयोध्या का राजकाज देने का निर्णय करते हैं।

अंतिम समय पर कैकेयी अपनी दासी मंथरा के कहने पर पूर्व में दिए गए राजा दशरथ को दो वर मांग लेती है। पहले में वह श्री राम को 14 वर्ष का वनवास, दूसरे में भरत को अयोध्या का बनाने को कहती हैं। राजा दशरथ कैकेयी को बहुत मनाते हैं, मगर कैकेयी नहीं मानतीं। जब श्रीराम को पता चलता है कि माता कैकेई ने भरत के लिए राज्य अभिषेक और उनके लिए 14 वर्ष का वनवास मांगा है तो वह सहर्ष तैयार हो जाते हैं। इसके बाद तीनों सन्यासी की वेशभूषा में राजा दशरथ एवं तीनों रानियों से आज्ञा लेकर वन के लिए प्रस्थान करते हैं।

### एशियन साइंस कैंप के लिए महिमा दांगी का चयन, गंजबासौदा का बढ़ाया गौरव

**गंजबासौदा।** नवांकुर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की पूर्व छात्रा एवं मध्यप्रदेश स्टेट मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाली महिमा दांगी का 16वें एशियन साइंस कैंप के लिए भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा प्रारंभिक रूप से चयन किया गया है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। प्रतिष्ठित एशियन साइंस कैंप का आयोजन 2 से 8 अगस्त 2026 तक हांगकांग विश्वविद्यालय में होगा। इस अंतरराष्ट्रीय विज्ञान शिविर के लिए भारत से केवल 20 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन किया गया है, जिनमें महिमा दांगी भी शामिल हैं। शिविर में विभिन्न देशों के मेधावी विद्यार्थी नोबेल पुरस्कार विजेताओं, अग्रणी वैज्ञानिकों और अंतरराष्ट्रीय शोधकर्ताओं के साथ संवाद कर विज्ञान, अनुसंधान, नवाचार और वैश्विक सहयोग से जुड़े विषयों पर अनुभव साझा करेंगे। डीएसटी के अनुसार महिमा का चयन प्रोविजनल नॉमिनेशन के रूप में किया गया है। भारत से हांगकांग तक की यात्रा, वीजा और चिकित्सा बीमा का खर्च डीएसटी वहन करेगा, जबकि स्थानीय आवास एवं अन्य व्यवस्थाएं एशियन साइंस कैंप द्वारा उपलब्ध कराई जाएंगी। महिमा दांगी इससे पहले भी हायर सेकेंडरी परीक्षा में प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दे चुकी हैं। विद्यालय परिवार ने उनकी इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए विश्वास जताया कि वे अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत, मध्यप्रदेश और गंजबासौदा का नाम रोशन करेंगी।


**भारतीय खेल प्राधिकरण**
SPORTS AUTHORITY OF INDIA
भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
खेल विभाग /DEPARTMENT OF SPORTS
(An Autonomous Body under Ministry of Youth Affairs and Sports)
(युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय)
(मानव संसाधन प्रभाग - II)
मुख्य कार्यालय, द्वार सं. 10
(पूर्वी द्वार), जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम
लोधी रोड़, नई दिल्ली - 110003
File No.01-04001(02)2/2026-66 Date: 25-06-2026

**भारतीय खेल प्राधिकरण में जूनियर इंजीनियर पद पर भर्ती**

भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI), जो युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त निकाय है, कर्मचारी चयन आयोग (स्स्ष्ट) द्वारा आयोजित जूनियर इंजीनियर (सिविल एवं इलेक्ट्रिकल) परीक्षा, 2024 की पब्लिक डिस्क्लोज़र लिस्ट (PDL) के माध्यम से शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों से जूनियर इंजीनियर के पद पर नियमित नियुक्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।
ऑनलाइन आवेदन की समय-सारणी निम्नानुसार है:
* ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि: 26.06.2026 (प्रात: 10:00 बजे)
* ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि: 10.07.2026 (सायं 05:00 बजे)
केवल स्स्ष्ट जूनियर इंजीनियर (सिविल एवं इलेक्ट्रिकल) परीक्षा, 2024 की पब्लिक डिस्क्लोज़र लिस्ट (PDL) के माध्यम से शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थी ही आवेदन करने के पात्र होंगे।
विस्तृत विज्ञापन, पात्रता मानदंड, आवश्यक निर्देश तथा ऑनलाइन आवेदन लिंक भारतीय खेल प्राधिकरण
की वेबसाइट www.sportsauthorityofindia.nic.in पर उपलब्ध हैं।
भर्ती संबंधी किसी भी जानकारी के लिए अभ्यर्थी hrdw.sai@gov.in पर ई-मेल कर सकते हैं।
cbc47103/11/0017/2627



**भारतीय खेल प्राधिकरण**
SPORTS AUTHORITY OF INDIA
भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
खेल विभाग /DEPARTMENT OF SPORTS
(An Autonomous Body under Ministry of Youth Affairs and Sports)
(युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय)
(मानव संसाधन प्रभाग - II)
मुख्य कार्यालय, द्वार सं. 10
(पूर्वी द्वार), जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम
लोधी रोड़, नई दिल्ली - 110003
File No.01-04001(02)2/2026-66 Date: 25-06-2026

**एलपीडी माइनस पेंशन आधार पर जूनियर इंजीनियर पद हेतु नियुक्ति**

भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI), जो युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त निकाय है, एलपीडी माइनस पेंशन आधार पर जूनियर इंजीनियर के एक (01) पद पर नियुक्ति हेतु पात्र सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।
ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की समय-सारणी निम्नानुसार है:-
* ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि: 25.06.2026
* ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि: 24.07.2026
विस्तृत विज्ञापन, पात्रता शर्ते, नियुक्ति के नियम एवं शर्तें, आवेदन प्रपत्र तथा अन्य आवश्यक निर्देश भारतीय खेल प्राधिकरण की वेबसाइट www.sportsauthorityofindia.nic.in पर उपलब्ध हैं।
cbc47103/11/0015/2627



**भारतीय खेल प्राधिकरण**
SPORTS AUTHORITY OF INDIA
भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
खेल विभाग /DEPARTMENT OF SPORTS
(An Autonomous Body under Ministry of Youth Affairs and Sports)
(युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय)
(मानव संसाधन प्रभाग - II)
मुख्य कार्यालय, द्वार सं. 10
(पूर्वी द्वार), जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम
लोधी रोड़, नई दिल्ली - 110003
File No.01-04001(02)2/2026-66 Date: 25-06-2026

**भारतीय खेल प्राधिकरण में सहायक निदेशक पद पर भर्ती**

भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI), जो युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त निकाय है, संघ लोक सेवा आयोग (क्रस्ष्ट) द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा, 2024 के आधार पर प्रतिभा सेतु पोर्टल के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों से सहायक निदेशक के पद पर नियमित नियुक्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।
ऑनलाइन आवेदन की समय-सारणी निम्नानुसार है:-
* ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि: 23.06.2026 (प्रात: 10:00 बजे)
* ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि: 08.07.2026 (सायं 05:00 बजे)
केवल प्रतिभा सेतु पोर्टल के माध्यम से चयनित एवं शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थी ही आवेदन करने के पात्र होंगे। अभ्यर्थियों की मेरिट सूची क्रस्ष्ट सिविल सेवा परीक्षा, 2024 में प्राप्त प्रतिशतक (Percentile) के आधार पर, प्रतिभा सेतु पोर्टल पर उपलब्ध विवरण के अनुसार तथा निर्धारित पात्रता शर्तों की पूर्ति के अधीन तैयार की जाएगी।
विस्तृत विज्ञापन, पात्रता मानदंड, आवश्यक निर्देश एवं ऑनलाइन आवेदन लिंक भारतीय खेल प्राधिकरण की वेबसाइट www.sportsauthorityofindia.nic.in पर उपलब्ध हैं।
भर्ती संबंधी किसी भी जानकारी के लिए अभ्यर्थी hrdw.sai@gov.in पर ई-मेल कर सकते हैं।
cbc47103/11/0018/2627